एक नजर में

## इंदौर कैंसर फाउंडेशन को किया सहयोग



**इंदौर.** कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत एक सराहनीय पहल में दो प्रमुख कॉर्पोरेट संस्थाओं द्वारा इंदौर कैंसर फाउंडेशन को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया. इस पूरी पहल को साकार करने में रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स की अहम भूमिका रही, जिसके अध्यक्ष रोटेरियन भानु तापड़िया ने इसे संभव बनाने में विशेष योगदान दिया. सोनिक बायोकेम एक्सट्रैक्शन इंदौर द्वारा 21.05 लाख रुपये की राशि दान स्वरूप प्रदान की गई है, जिसका उपयोग इंदौर कैंसर फाउंडेशन के प्रमुख प्रोजेक्ट 'इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी' में कैंसर उपचार हेतु दूसरे मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के लिए आवश्यक अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण खरीदने में किया जाएगा. वहीं, बेयरलोचर इंडिया एडिटिव्स, देवास द्वारा 50 किलोवॉट क्षमता का रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है. इस सोलर प्लांट का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा द्वारा किया गया. इस परियोजना से संस्थान के बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आएगी. यह संपूर्ण कार्य रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स द्वारा संपन्न किया गया, जिसमें क्लब के सचिव रोटेरियन सुनील अत्री एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी फाउंडेशन चेयर रोटेरियन नितिन दाफरिया का भी विशेष योगदान रहा. रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 पब्लिक इमेज चेयरपर्सन घनश्याम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटेरियन सदस्य, इंदौर के प्रतिष्ठित नागरिक, डॉ. धारकर, कैंसर फाउंडेशन के विभिन्न ट्रस्टीगण, डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे.

## मराठी सोशल ग्रुप की मैंगो जत्रा 8 मई से

**इंदौर.** मराठी सोशल ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय हिप्पो कार्पोरेशन प्रेजेंट्स मैंगो जत्रा 8 मई से आयोजित होगा. ओरिजनल हापुस आम का स्वाद इंदौरी चख सकेंगे। साथ ही जी आई टैग प्रमाणित ओरिजनल हापुस आम की खरीदी भी कर सकेंगे. ट्रस्ट के सुधीर दांडेकर और राजेश शाह ने बताया कि मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट का सालाना आयोजन मैंगो जत्रा का 14वां संस्करण 8 से 10 मई तक ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कन वाला कुआं, साउथ तुकोगंज इंदौर पर लगेगा. आयोजन की शुरुआत सुबह 9 बजे से शुरू होगी. मैंगो जत्रा सुबह से लेकर रात 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा. इंदौरी तीन दिन तक ओरिजनल हापुस आम का स्वाद चख सकेंगे. मैंगो जत्रा में करीब 24 से ज्यादा आम उत्पादक इसमें हिस्सा लेंगे. भारत सरकार द्वारा इस क्षेत्र के हापुस कि विशिष्ट पहचान हेतु आने वाले सभी किसानों को जी आई टेग दिया है. सिर्फ जी आई टैग प्रमाणित हापुस आम ही असली कोंकण का हापुस होता है. 2013 में सिर्फ 5 कृषकों से इस मैंगों जत्रा की शुरुआत हुई थी. इस बार यह मैंगो जत्रा का 14वां संस्करण है, जिसमें 24 से ज्यादा कृषक हिस्सा ले रहे हैं. ट्रस्ट की तृप्ति महाजन और सुमेधा बावकर ने बताया कि मराठी व्यजंन और इंदौरी चौपाटी का भी मैंगो जत्रा में समावेश किया गया है. मैंगो जत्रा में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा.

## विश्व शांति व मानव कल्याण के लिए सामूहिक वंदना



**इंदौर.** विश्व शांति और मानव कल्याण की भावनाओं को लेकर बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर रीगल तिराहे स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर सामुहिक वंदना की गई. इस अवसर पर भंते विभूतवंश और प्रशांत इन्दुरकर उपस्थित थे. यह जानकारी देते हुए प्रवीण जैन और आयोजक जितेंद्र मेश्राम ने बताया कि पिछले 28 वर्षों से यहां बौद्धिष्ट युवा संगठन और एमएचडब्ल्यू फाउंडेशन, ऐरोबिक्स क्लब मेघदूत द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है. मुख्य अतिथि महापौर पुष्पमित्र भार्गव और अध्यक्षता मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रताप करोशिया अध्यक्ष, सफाई कर्मचारी आयोग, विशेष अतिथि के रूप में एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, जैन सामाजिक संसद के अध्यक्ष आंनद गौधा, समाजसेवी नवीन गौधा पार्षद जीतू यादव उपस्थित थे. संगठन के बाल कृष्ण गजभिए, अजय बोरकर, मनोज घरडे, माया मेश्राम, ममता जीवने, संगीता दहीकर, प्रतिभा गजभिए, संगीता घरडे, शीतल बोरकर, उज्जवल शेंडे, सविता शेंडे, राजिंदर सिंह भाटिया, आशा कोष्ठा, दीपक परमार, मधु गौर आदि सामुहिक बुद्ध वंदना शामिल हुए

## वैष्णव कॉलेज में नि:शुल्क रेमेडियल क्लासेस आज से

**इंदौर.** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा हेतु द्वितीय परीक्षा 2026, जो कि मई माह में आयोजित होने वाली है, उसमें सम्मिलित होने वाले कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों के लिए श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर द्वारा विशेष नि:शुल्क रेमेडियल क्लासेस का आयोजन किया जा रहा है. यह कक्षाएं 1 मई से महाविद्यालय परिसर 10 से प्रारंभ होंगी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इन कक्षाओं में अनुभवी एवं विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को विषयवार मार्गदर्शन, महत्वपूर्ण प्रश्नों की तैयारी, परीक्षा पद्धति तथा बेहतर अंक प्राप्त करने हेतु विशेष टिप्स दिए जाएंगे. इन कक्षाओं के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हेतु तैयार करना है. रेमेडियल क्लास के समन्वयक प्रो. विभोर ऐरन ने बताया कि यह सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क रहेगी, सीमित सीटों के कारण विद्यार्थियों से शीघ्र पंजीयन कराने का आग्रह किया गया है. संयोजक डा. अनिल शर्मा के बताया की इन कक्षाओं के माध्यम से वे विद्यार्थी तो लाभान्वित होंगे ही जिन्हें किसी कारण से 12वी की परीक्षा में असफल हुए हैं वरण वे विद्यार्थी भी लाभ ले सकेंगे जो अपने अंकों और श्रेणी में सुधार करना चाहते हैं.

## नेशनल आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप 20 जुलाई से



**इंदौर.** ब्यूटी और वेलनेस इंडस्ट्री में नई ऊर्जा और अवसरों का संचार करने के उद्देश्य से नेशनल आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन 20 से 22 जुलाई तक इंदौर के फीनिक्स सिटाडेल मॉल में किया जाएगा. आयोजन में देशभर के कलाकार, प्रशिक्षु, विशेषज्ञ और इंडस्ट्री लीडर्स एक ही मंच पर एकत्रित होंगे. चेयरपर्सन उन्नति सिंह ने कहा आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक सशक्त आंदोलन है, जो देश के ब्यूटी और वेलनेस इंडस्ट्री को नई दिशा दे रहा है. हमारा उद्देश्य हर उस प्रतिभाशाली कलाकार को मंच प्रदान करना है, जो अपनी मेहनत और कौशल के बल पर आगे बढ़ना चाहता है. हम चाहते हैं कि भारत के कलाकारों को वैश्विक पहचान मिले और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराएं. आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप 2026 के दौरान मेकअप, हेयर आर्टिस्ट्री, स्किन और ब्यूटी, नेल आर्ट और बार्बरिंग जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. प्रतिभागियों को रेड कार्पेट लुक, ब्राइडल लुक, अवांट-गार्ड स्टाइल, हेयर कट एवं कलरिंग, फेशियल, वैक्सिंग, नेल आर्ट और अन्य आधुनिक तकनीकों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा.





# भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस के खिलाफ जनाक्रोश मार्च

- कांग्रेस की प्रतीकात्मक अर्थी निकाली और पुतला दहन किया
- काले कपड़े पहनकर पैदल मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई

**इंदौर. नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस के खिलाफ़ भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदर्शन किया और जनाक्रोश पैदल मार्च निकाला. मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुई. इसके साथ ही प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर कांग्रेस का पुतला भी दहन किया गया.**

गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा ने चिक मंगलूर चौराहे से श्रीराम मंदिर खातीपूरा तक जनाक्रोश पैदल मार्च निकाला. कॉंग्रेस के कृत्य के विरोध स्वरुप महिलाएं काले वस्त्रों में मार्च में शामिल हुई. मार्च में महिलाओं ने कॉंग्रेस के खिलाफ के नारे लिखी हुई तख्तियां हाथों में लेकर चल रही थी. एक कार्यकर्ता हाथों में हाँडी लेकर कॉंग्रेस की प्रतीकात्मक अर्थी के आगे आगे चल रही थी.

महिला कार्यकर्ता कॉंग्रेस की अर्थी को कंधों पर उठाकर चल रही थी. खातीपुरा चौराहे पर अर्थी से महिला आरक्षण का विरोध करने वाली कॉंग्रेस की अर्थी से पुतले को निकाल कर दहन किया गया. मार्च केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया व मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता, अंजू माखीजा, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी आलोक दुबे, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा की उपस्थिति में निकाला गया. इस अवसर पर श्रेष्ठा जोशी, दीप्ति हाडा, स्वाति काशीद, कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा, शैलजा मिश्रा, हरप्रीत सिंह बक्शी, राकेश शर्मा, भारत पारख, वरुण पाल, सचिन बंसल, हेमराज वाडिया, रितेश शर्मा, नितिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं. इस मार्च में मातृशक्ति को सम्मान देने के लिए भाजपा के पुरुष नेता मंच पर नहीं गए. चिकमंगलूर चौराहे पर मंच के सामने खड़े होकर मातृशक्ति को ही मंच समर्पित कर दिया.

### पूरे देश में महिलाएं आक्रोशित

मार्च से पहले केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने और संसद व राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने के लिए नारी शक्ति वंदन कानून लेकर आए. लेकिन कांग्रेस ने महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध किया है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकारें महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है. लोकसभा में जिस तरह विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की खिलाफत की है उसके खिलाफ आज पूरे देश में महिलाएं आक्रोशित हैं. विधायक मालिनी गौड ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने लोकसभा में सिर्फ एक अधिनियम का विरोध कर देश की आधी आबादी का अपमान किया है. मध्यप्रदेश और देश की नारी शक्ति कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा किए गए अपमान का सबक जरूर सिखाएगी.

# 16 साल की बेटी ने जन्मदिन से पहले लगाई फांसी, मौत

- पिता नहीं दिला पाए थे 5 हजार रुपए की मनपसंद ड्रेस



**इंदौर. छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में एक 16 वर्षीय छात्रा ने अपने जन्मदिन से महज कुछ घंटे पहले मौत को गले लगा लिया. छात्रा अपने जन्मदिन पर नए कपड़े खरीदने के लिए पिता से 5 हजार रुपए की मांग कर रही थी, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते पिता द्वारा कम पैसे दिए जाने से वह नाराज थी.**

वंशिका पिता मिश्रीलाल बरोले कक्षा 11वीं की छात्रा थी, उसका गुरुवार को जन्मदिन था. अपने इस खास दिन के लिए वह नए कपड़े खरीदना चाहती थी, जिसके लिए उसने बुधवार को अपने पिता से 5 हजार रुपए मांगे थे. वंशिका के पिता पेशे से ऑटो मैकेनिक हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. उन्होंने अपनी असमर्थता जताते हुए वंशिका को 3 हजार रुपए दिए और कहा कि फिलहाल उनके पास इतने ही पैसे हैं. पिता की इस बात से वंशिका नाराज हो गई.

### घटना के समय घर में अकेली थी छात्रा

पुलिस के अनुसार, बुधवार को परिवार में एक शादी का कार्यक्रम था. वंशिका की मां, बहनें और परिवार के अन्य सदस्य उस शादी में शामिल होने गए थे, लेकिन नाराजगी के चलते वंशिका ने जाने से साफ इनकार कर दिया और घर पर ही रुक गई. जब रात में परिवार के सदस्य शादी से वापस लौटे, तो घर के भीतर का दृश्य देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई. वंशिका घर में फंदे पर लटकी हुई थी. परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. घर में जिस दिन बेटी का जन्मदिन मनाया जाना था, वहां उसकी मौत की से मातम पसर गया है. परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह अपने जन्मदिन को लेकर काफी उत्साहित थी और नए कपड़े खरीदने की जिद कर रही थी, लेकिन उन्हें अंदाजा नहीं था कि वह ऐसा आत्मघाती कदम उठा लेगी.

# हाई कोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर 25 हजार की ठगी

- महिला को फर्जी जॉइनिंग लेटर थमाकर ऐंठ लिए रुपए
- खुद को हाई कोर्ट का कर्मचारी बताता था जालसाज

**इंदौर.** तुकोगंज थाना क्षेत्र में हाई कोर्ट में सहायक क्लर्क की नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. एक जालसाज ने खुद को हाई कोर्ट का कर्मचारी बताकर एक महिला से हजारों रुपए ऐंठ लिए और उसे फर्जी जॉइनिंग लेटर थमा दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

फरियादी स्वाति बाथम निवासी रासटाउन, तलावली चांदा ने शिकायत दर्ज कराई है कि फरवरी 2025 में उसकी मुलाकात हाई कोर्ट के बाहर लक्ष्मण मेहरा नामक व्यक्ति से हुई थी. लक्ष्मण ने स्वाति को विश्वास दिलाया कि हाई कोर्ट में सहायक क्लर्क की वैकेंसी निकली है, जिसके बारे में बाहर के लोगों को पता नहीं चलता. उसने दावा किया कि वह खुद वहां काम करता है, इसलिए उसे अंदर की जानकारी है. आरोपी ने स्वाति को एक ऑफलाइन फॉर्म दिया और कहा कि 25,000 रुपए देने पर वह उसकी नौकरी पक्की करवा देगा.

लक्ष्मण की बातों पर भरोसा करके स्वाति ने फॉर्म भरकर उसे 25,000 नकद दे दिए. आरोपी ने झांसा दिया कि पूरी प्रक्रिया में लगभग छह महीने का समय लगेगा. इसके बाद अप्रैल 2025 में आरोपी ने स्वाति के पति सिद्धार्थ को गीता भवन चौराहे के पास बुलाया और उसे जॉइनिंग लेटर की एक प्रति सौंपी. खुश होकर जब स्वाति उस लेटर को लेकर हाई कोर्ट पहुंची और वहां इसकी जानकारी ली, तो अधिकारियों ने उसे देखते ही फर्जी करार दे दिया. ठगी का अहसास होने पर स्वाति ने पुलिस की शरण ली. तुकोगंज पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण मेहरा के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.

# सड़क पर बिखरी गिट्टी-मुरम सें फिसलकर बाइक सवार घायल

- ग्रामीणों ने मंत्री व ठेकेदारों पर लगाए घटिया सड़क निर्माण के आरोप





**इंदौर. कदवाली खुर्द से मंडला उदा मार्ग पर खराब निर्माण के चलते गिट्टी मुरम में फिसलकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है.**

ग्रामीणों के मुताबिक मार्ग का निर्माण लंबे समय से अधूरा और घटिया स्तर का है. सड़क पर फैली गिट्टी मुरम के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं. दो दिन पहले गांव का युवक राजकुमार पटेल बाइक से खेत जा रहा था, तभी वह फिसलकर गिर पड़ा. हादसे में उसकी आंख में गंभीर चोट आई और वह बाइक के नीचे दब गया. आसपास मौजूद किसानों ने उसे बाहर निकाला, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई. ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार किया जा रहा है. उनका कहना है कि ठेकेदारों को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है, जिसके चलते काम की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा.

गांव के ओमप्रकाश उर्फ गुड्डा पटेल ने बताया कि सड़क बनने की उम्मीद में लोग खुश थे, लेकिन काम शुरू होने के बाद से ही हालात बिगड़ते गए. निर्धारित समय एक साल में पूरा होना था, लेकिन तीन साल बाद भी सिर्फ गिट्टी बिछी है. किसान नेता हंसराज मंडलोई ने कहा कि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व मंत्री स्तर का होने के बावजूद गांव के लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों को ठेके दिलवाकर घटिया निर्माण कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की जान जोखिम में है. घटना के बाद ग्रामीण सड़क पर एकत्र हुए और विरोध जताया. जितेंद्र पटेल, लाल पटेल, शुभम पटेल, राकेश पटेल, सुनील पटेल और लखन समेत अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क निर्माण कार्य बंद करा दिया जाएगा.

# बायपास क्षेत्र में तेज रफ्तार कार से जानलेवा ड्रिफ्टिंग

- के-2 ढाबे के पास कार से खतरनाक करतब का वीडियो वायरल
- युवक-युवती भी बने जोखिम का हिस्सा



**इंदौर.** शहर में सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी का एक और मामला सामने आया है, जिसमें बायपास क्षेत्र में एक ढाबे के पास कार से खतरनाक ड्रिफ्टिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. वीडियो में तेज रफ्तार कार को सड़क पर गोल-गोल घुमाकर स्टंट करते हुए देखा जा सकता है, जिससे मौके पर मौजूद लोगों की जान खतरे में पड़ गई. मामला कनाड़िया थाना क्षेत्र के के-2 ढाबे के पास स्थित ऑटो जस्टिस नामक कार गैरेज के सामने का बताया जा रहा है. वायरल वीडियो में एक चालक अत्यधिक तेज गति से कार को नियंत्रित करते हुए लगातार ड्रिफ्ट करता नजर आता है. इस दौरान बीच सड़क पर एक युवक और युवती भी खड़े दिखाई देते हैं, जिनके बेहद करीब से कई बार कार गुजरती है, जरा-सी चूक से बड़ा हादसा हो सकता था. स्थानीय लोगों से पुलिस में सामने आया कि यह वीडियो सोशल मीडिया पर शाहबाज अहमद नामक युवक द्वारा अपलोड किया गया है.

### 15 दिन पहले भी इसी तरह का वीडियो आया था सामने

वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में सड़क पर इस तरह के स्टंट और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं. करीब 15 दिन पहले भी इसी तरह का एक मामला कनाड़िया क्षेत्र के फीनिक्स मॉल के बेसमेंट में सामने आया था, जहां कार से ड्रिफ्टिंग की गई थी. हालांकि उस कार्यक्र म के लिए आयोजकों द्वारा थाने से अनुमति ली गई थी, लेकिन वहां भी सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं पाई गई थी, जिससे हादसे की आशंका बनी रही. पुलिस अब वायरल वीडियो की जांच कर रही है और वाहन चालक व स्टंट में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है.

# 15 लाख की चांदी लेकर फरार नौकर गिरफ्तार, खरीदार भी धराया

**इंदौर.** सराफा बाजार में 15 लाख रुपए की चांदी लेकर फरार हुए नौकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मामले में चोरी की चांदी खरीदने वाले आरोपी को भी दबोचा लिया है. पुलिस ने 5 किलो 800 ग्राम चांदी बरामद कर न्यायालय के आदेश पर फरियादी को वापस सौंप दिया.

घटना 8 अप्रैल की है, जब सराफा क्षेत्र स्थित विहर्ष ज्वेलर्स के संचालक ने अपने नौकर को चांदी लाने भेजा था. नौकर 6 किलो से अधिक चांदी लेकर निकला, लेकिन दुकान नहीं पहुंचा और फरार हो गया. मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सराफा पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश की. पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में उसने चांदी का कुछ हिस्सा बेचने की बात कबूली, इसके बाद खरीदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपियों के पास से 5 किलो 800 ग्राम चांदी, एक एक्टिवा और मोबाइल फोन जब्त किया गया है. आरोपियों का नाम पंकज निमावत और राहुल बताया गया है. पुलिस ने पूरा माल बरामद कर न्यायालय के आदेश पर फरियादी के सुपुर्द कर दिया, मामले में आगे की जांच जारी है.

# महिला चोर की करतूत, दुकान का ताला तोड़कर 1.83 लाख उड़ाए

**इंदौर.** एमआईजी थाना क्षेत्र में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक अज्ञात महिला ने रात के अंधेरे में एक दुकान को अपना निशाना बनाया. महिला चोर दुकान का ताला तोड़कर दराज में रखे करीब 1.83 लाख रुपए लेकर रफूचक्कर हो गई. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी महिला की तलाश शुरू कर दी है. घटना पाटनीपुरा इलाके की है, फरियादी महेश पिता मांगीलाल मंगल निवासी पाटनीपुरा ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है. महेश की क्षेत्र में दुकान है, जिसे वे रोज की तरह रात को बंद करके घर गए थे. रात के समय एक अज्ञात महिला ने दुकान का ताला तोड़ा और भीतर प्रवेश कर गई. महिला ने दुकान के अंदर रखी टेबल की ड्रॉज को खंगाला और उसमें रखे 1,83,500 रुपए नकद समेट लिए. चोरी की इस पूरी वारदात का पता सुबह तब चला जब महेश दुकान खोलने पहुंचे और ताला टूटा हुआ पाया. दराज चेक करने पर उसमें रखी बड़ी रकम गायब थी. एमआईजी पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस अब दुकान और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि महिला चोर की पहचान की जा सके.



# विशुद्ध निलय भवन का शुभारंभ

**इंदौर.** अंजनी नगर स्थित चंद्र प्रभु मांगलिक भवन में चल रही ग्रीष्मकालीन वाचना में मुनि आदित्य सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि स्वाध्याय करने से धैर्य आता है, मन शांत रहता है और पुण्य की प्राप्ति होती है. स्वाध्याय ही आपको सुरक्षित रखता है. गुरु की संगत से सारे कार्य आसान हो जाते हैं. भगवान की संगत में रहोगे तभी भगवान बनोगे. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के महामंत्री देवेंद्र सोगानी और प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के पट्टाचार्य महोत्सव के एक वर्ष पूर्ण होने पर अंजनी नगर स्थित पंचायती मंदिर के पीछे विद्या - विशुद्ध निलय भवन का उद्घाटन समाज श्रेष्ठी जितेंद्र-अनीता पाटोदी परिवार ने किया. मुख्य अतिथि थे दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद के अध्यक्ष द्वव विनय बाकलीवाल, आनंद गोधा एवं पूर्व अध्यक्ष कैलाश वेद. इस अवसर पर समाज श्रेष्ठी पिंकेश टोंग्या, डीके जैन, कमलेश कासलीवाल सतीश जैन, महावीर जैन, शंभू सोगानी, महावीर काला, रमणीक जी, महेंद्र जैन आदि ने मुनि संघ को श्रीफल समर्पित किए. आभार मंदिर के उपाध्यक्ष ऋषभ पाटनी ने माना।

एक नजर में

इंदौर संभागीय कलारीपयट्टू स्पर्धा धूमधाम से संपन्न, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

# 150 से अधिक खिलाड़ियों ने किया कौशल का प्रदर्शन




**इंदौर.** श्री बाल विनय मंदिर, छत्रीबाग में एक दिवसीय संभाग स्तरीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में इंदौर संभाग सहित विभिन्न जिलों से आए 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया और विभिन्न वर्गों में पदक अर्जित किए।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने पारंपरिक भारतीय युद्धकला कलारीपयट्टू की तकनीकों का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया. आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में इस प्राचीन मार्शल आर्ट के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा. समापन समारोह में पुलिस विभाग से राजेंद्र सिंह चौहान, क्राइम ब्रांच से धर्मेंद्र जी, युवा पत्रकार सनी जाधम एवं भरत बाथम विशेष रूप से उपस्थित रहे. साथ ही संभागीय सचिव आयुषी बंसल एवं प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह राठौर सहित अन्य पदाधिकारीगण ने कार्यक्रम में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गौरव दांगी, हर्षिता शुक्ला, चिराग सिंघारे, सुहानी ग्वाल, अभय बड़ोदिया, हिमांशु ठाकुर, पायल पाटीदार एवं संत शरण वर्मा ने निष्पक्ष निर्णय देकर प्रतियोगिता को सफल बनाया.

### राज्य व राष्ट्रीय स्तर के लिए रास्ता साफ

मालवा कलारीपयट्टू संघ, मध्यप्रदेश के महासचिव गजेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे. उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ये खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी अपनी जगह बनाने का प्रयास करेंगे.